
हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 23 मार्च 2026

06 बहुजन उत्सव समिति सीहोर की बैठक संपन्न



07 राजगढ़ जिले के 53 सीएचओ को कलेक्टर...





## खबर संक्षेप

### आरटीई : 2 अप्रैल को लॉटरी से चयन

**सीहोर।** आरटीई के तहत सत्र 2026–27 में निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए ऑन लाइन आवेदन 28 मार्च तक किए जा सकेंगे। इसके बाद 2 अप्रैल को लॉटरी के माध्यम से चयन होगा। इस तरह इस प्रक्रिया में एडमिशन होगा। निशुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से शुरू हो गए थे। निजी स्कूलों में बच्चों को निशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही कलेक्टर सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आरटीई पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं। समय सारिणी के अनुसार निशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीटें पोर्टल पर दिखाई दे रही हैं। वहीं वंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के आवेदक अपना आवेदन, ऑनलाइन प्रक्रिया से 13 मार्च से 28 मार्च के बीच जमा कर पंजीयन कर सकते हैं। फार्म के साथ पात्रता संबंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा। ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का मौका भी मिलेगा। 30 मार्च तक दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केंद्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा। आवेदक ने आरटीई में निशुल्क प्रवेश के लिए जिस कैटेगरी में प्रवेश चाहा है, उस कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जाएगा।

### दोषी किसानों पर एफआईआर के साथ उपार्जन योजना में फसल खरीदी पर भी लगाई जा सकती है रोक

# झूठी आग की सूचना में फूंकी दमकल, किसानों की लापरवाही हुई उजागर, जला रहे थे नरवाई

स्थिति उस वक्त बेहद खतरनाक हो गई जब दमकल वाहन के डीजल टैंक की पाइप में भी आग लग गई। टैंक पूरा भरा होने के कारण किसी भी वक्त बड़ा विस्फोट हो सकता था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

जिले के भैरूंदा क्षेत्र में रविवार को एक झूठी सूचना, लापरवाही और दबाव की खतरनाक कहानी सामने आई, जहां नरवाई की आग को गेहूं की फसल में लगी आग बताकर दमकल को बुलाया गया। नतीजा-आग बुझाने पहुंची दमकल खुद आग की चपेट में आ गई और बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

भैरूंदा तहसील के बालागांव–अतरालिया क्षेत्र में दोपहर के समय किसानों ने नरवाई में आग लगाई, जो देखते ही देखते विकराल हो गई। करीब 200 एकड़ क्षेत्र में आग फैल गई और तीन गांव इसकी चपेट में आ गए। इसी बीच पुलिस और दमकल को सूचना दी गई कि खड़ी गेहूं की फसल जल रही है। हालात की गंभीरता को देखते हुए दमकल को तुरंत मौके पर भेजा गया, लेकिन यह सूचना पूरी तरह भ्रामक निकली।

### दमकल को आग में झोंकने का दबाव

जब दमकल टीम मौके पर पहुंची तो सामने सच्चाई कुछ और ही थी-वहां गेहूं नहीं, बल्कि नरवाई जल रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने दमकल कर्मचारियों पर दबाव बनाते हुए वाहन को सीधे आग के बीच ले जाने के लिए मजबूर किया।

यही दबाव भारी पड़ा और देखते ही देखते दमकल वाहन के टायरों ने आग पकड़ ली, जिससे वाहन की वायरिंग और अन्य हिस्से जलकर क्षतिग्रस्त हो गए।









### सबूत मिटाने की कोशिश, दमकल के चालक को भी दे डाली धमकी

घटना के दौरान कुछ किसानों को खुद नरवाई में आग लगाते हुए देखा गया, जिसका वीडियो दमकल चालक ने बना लिया। बताया जा रहा है कि वीडियो बनाने से रोकने के लिए चालक को धमकाया भी गया, लेकिन उसने सूझबूझ दिखाते हुए सबूत सुरक्षित रख लिया। यह वीडियो अब पूरे मामले में अहम कड़ी बन सकता है, जो लापरवाही और साजिश दोनों को उजागर करेगा।





### प्रशासन सख्त, किसानों पर होगी कार्रवाई

इस घटना में दमकल वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि अन्य दमकल और टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हैरानी की बात यह रही कि पंचायतों के टैंकर समय पर नहीं पहुंचे, जिससे शुरुआती प्रयास कमजोर रहे। भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह ने साफ कहा है कि नरवाई जलाने और झूठी सूचना देने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। दोषी किसानों पर एफआईआर के साथ उपार्जन योजना में फसल खरीदी पर रोक भी लगाई जा सकती है। यह घटना एक बार फिर चेतावनी है कि लापरवाही और झूठ, दोनों मिलकर आपदा को जन्म देते हैं।

### डीजल टैंक में लगी आग, टला बड़ा धमाका

स्थिति उस वक्त बेहद खतरनाक हो गई जब दमकल वाहन के डीजल टैंक की पाइप में भी आग लग गई। टैंक पूरा भरा होने के कारण किसी भी वक्त बड़ा विस्फोट हो सकता था। हालांकि चालक की तत्परता और टीम की सतर्कता से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। यदि कुछ मिनट की भी देरी होती, तो यह हादसा जानलेवा बन सकता था।

## नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दिया बूंद-बूंद जल संरक्षण का संदेश



**सीहोर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर शासकीय माध्यमिक शाला महुआ खेड़ी, तकीपुर में इको क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा जल संरक्षण को लेकर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में जल के महत्व को समझाना एवं जल बचाने के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।


इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्लोगन लेखन, आकर्षक पोस्टर प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने उपस्थित लोगों को प्रेरित एवं प्रभावित किया , जिसमें जल की कमी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।छात्र-छात्राओं ने गांव के प्रमुख मार्गों पर रैली निकालकर “जल ही जीवन है”, “जल है तो कल है” एवं “बिन पानी सब सूना” जैसे प्रेरणादायक नारों के साथ ग्रामवासियों को जागरूक किया। रैली के दौरान बच्चों का उत्साह और जोश देखने योग्य था, जिससे ग्रामीणों में भी जागरूकता का संचार हुआ। कार्यक्रम में प्रचोधन डेवलपमेंट सर्विसेज के वरिष्ठ कार्यकारी सुधीर राय ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। उन्होंने सभी को दैनिक जीवन में जल के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की।वहीं विद्यालय के शिक्षक सतीश त्यागी ने सोख्ता गड्ढा निर्माण, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग तथा भू-गर्भ जल संचयन जैसे व्यावहारिक उपायों की विस्तार से जानकारी दी और इन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक एवं रंगकर्मी प्रदीप नागिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के साथ-साथ ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे।





## मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज आज नगर में



**सीहोर।** जैन संत पट्टाचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य वात्सल्य रत्नाकर विश्वसूर्य सागर मुनिराज व मुनिश्री साध्य सागर जी महाराज ससंघ को आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज की आज्ञानुसार आष्टा से भोपाल की और चल रहा है । सिध्दपुर नगर सीहोर मे मंगल प्रवेश सोमवार को होना है । सकल जैन समाज के श्रावक श्राविकाए प्रातः 8 बजे चौपाल सागर स्थित चौराहे पर पंहुचकर भक्तिभाव से बैडं बाजो के साथ मुनि श्री ससंघ के पद प्रच्छालन कर अगवानी करेगें तत्पश्चात शोभायात्रा के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर स्थित छावनी पंहुचेगें। जहां धर्म सभा मे मुनिश्री के आशीष वचन होगें। इसके बाद मुनिश्री ससंघ की विधी पूर्वक आहार चर्या श्रावक-श्राविकाए संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित करेगें।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर कल होंगे विद्यारंभ प्रमाण पत्र व ग्रेजुएशन सेरेमनी कार्यक्रम आयोजन

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों में 5 से 6 वर्ष के पंजीकृत बच्चों के लिए 24 मार्च 2026 को विद्या आरंभ प्रमाण पत्र एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ज्ञानेश खरे ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन समारोहपूर्वक किया जाएगा। इसमें अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, रॉकेट लर्निंग और पीरामल फाउंडेशन जैसी सहयोगी संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाएगा। समारोह में जनप्रतिनिधियों, प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों एवं अभिभावकों को आमंत्रित कर उनके माध्यम से बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित कराए जाएंगे। प्रमाण पत्र 10 अंकों का होगा, जिसमें प्रारंभिक 4 अंक आंगनबाड़ी कोड, अगले 4 अंक बच्चे की आईडी तथा अंतिम 2 अंक संबंधित वर्ष को दर्शाएंगे। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र स्तर पर निर्धारित प्रपत्रों में प्रमाण पत्र वितरण और स्कूल में प्रवेश लेने वाले बच्चों की जानकारी संधारित कर जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे तय दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों में 24 मार्च को ग्रेजुएशन सेरेमनी का सफल आयोजन सुनिश्चित करें।

# फूलों की होली के बीच गूंजा गोर-गोर गोमती, ईसर पूजे पार्वती

### राठौर समाज की महिलाओं ने निकाला इसर गौरा का चल समारोह



**सीहोर।** गणगौर पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रविवार को राठौर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेश में सोलह श्रृंगार कर शिव-पार्वती के रूप ईसर-गणगौर को सजाकर सिर पर रख चल समारोह निकाला। चल समारोह की शुरुआत गंज स्थित राठौर धर्मशाला से हुई। क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से होते हुए गाजे बाजे के साथ महिलाएं वीर दुर्गादास राठौर पार्क पहुंची। जहां पर विधिवत पूजन किया। समापन पर गोर-गोर गोमती, ईसर पूजे पार्वती जैसे लोकगीतों से क्षेत्र गूंज उठा। महिलाओं ने एक साथ पूजा-अर्चना कर झालों के साथ भजन-कीर्तन कर जमकर फूलों की होली भी खेली। राठौर समाज महिला अध्यक्ष सविता राठौर ने बताया कि हर साल उत्साह के साथ गणगौर पर्व मनाते है। समाज की सभी महिलाएं मिलकर गणगौर निकालती है। इस अवसर पर अध्यक्ष सविता अविनाश राठौर, कोषाध्यक्ष कामनी राठौर, महामंत्री पुष्पलता राठौर, शशि राठौर, रूपाली, तनु, सजनी, ममता, सीमा, संध्या, सीमा, मुकेश, गिरजा, रानी, शोभा, सावित्री, विमला, ममता, नेहा, रचना, प्रीति, ओमबत्ती, उमा, कविता, निक्की, सीमा, मुन्नी, पद्मा, रितु, हर्षिता, मिनी आदि मौजूद थीं।

## आज खेले जाएंगे दो सेमीफाइनल और मंगलवार को फाइनल

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. श्री गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को लीग का अंतिम मैच डीसीए सीहोर और सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। इस एक तरफा मुकाबले में सेंचुरियन ने डीसीए को 126 रन के अंतर से हराया। इस मैच के दौरान सेंचुरियन की ओर से विस्फोटक बल्लेबाज अतुल कुशवाहा ने 41 गेंद पर 79 रन, आयुष अवस्थी ने 20 गेंद पर 56 रन, सौरभ वर्मा-आदित्य सिंह ने 22-22 रन और युवराज सिंह ने 27 रन की शानदार पारी खेली।

### भंवरलाल परमार बने चल समारोह अध्यक्ष, होगा महाप्रसादी का वितरण

# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर परमार समाज ने बैठक में लिए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इस वर्ष भी प्राचीन जगदीश मंदिर से परमार पँवार समाज द्वारा भगवान जगन्नाथ की शोभा यात्रा हर्षोल्लास के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाती है। इस पावन अवसर पर परमार पँवार समाज द्वारा विभिन्न आयोजन के साथ ही महा प्रसादी का वितरण किया जाता है। भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए रविवार को जगदीश मंदिर प्रांगण में स्वजातीय बन्धुओं की बैठक आयोजित हुई।



सर्व प्रथम भगवान जगन्नाथ के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पूजन अर्चन कर बैठक प्रारंभ की गई। बैठक की अध्यक्षता चन्दर सिंह मण्डलोई ने की। बैठक प्रमुख रूप से उपस्थित तुलसीराम पटेल, रामनारायण चाचा, सुरेश परमार (गब्बर), हेमराज परमार, मांगीलाल परमार, शिव परमार मुरली, मुकेश परमार, देवनारायण परमार, महेन्द्र परमार,भागीरथ परमार, सुहागमल परमार, बबलु परमार, सूरज परमार, जितेन्द्र परमार, एलम सिंह सहित बड़ी संख्या में उपस्थित स्वजीतय बन्धुओं द्वारा सर्वसहमति से भँवरलाल परमार को चल समारोह अध्यक्ष मनोनित किया गया। भँवरलाल परमार के अध्यक्ष मनोनयन पर उपस्थित जनों ने उनको पुष्पहारों से स्वागत किया। भँवरलाल परमार ने सभी वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते हए कहा कि मुझे जो दायत्वि सौंपा गया है, उसका मेरे द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करते सभी की सहमति से इस वर्ष भगवान जगन्नाथ यात्रा को भव्यता प्रदान करने हेतु पुरा प्रयास किया जावेगा। उपस्थित जनों की सहमति से इस वर्ष रथ यात्रा पुरे विधिविधान से जगदीश मंदिर से प्रारंभ होकर नमक चौराहा, बड़ा बाजार, मुख्य मार्ग से होती हूई कोतवाली चौराहा, आनन्द डेरी चौराहा, बस स्टेण्ड रोड, पोस्ट आफिस चौराहा से होते हुए स्वर्णकार मंदिर पर पूजन अर्चन व प्रसादी वितरण के साथ समापन होगा। इस धार्मिक आयोजन में सभी से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।


# शहीद दिवस के उपलक्ष्य में युवाओं ने किया श्रमदान





**सीहोर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार उप निदेशक निक्की राठौर के निर्देशन में माय भारत सीहोर के अंतर्गत हिताय यूथ क्लब के सहयोग से युवाओं ने शहीद दिवस के उपलक्ष्य में श्रमदान कर सामाजिक सरोकार, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति उत्कृष्ट भावना का परिचय दिया। संयुक्त बालक छात्रावास परिसर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक परिसर सहित शहीद भगत सिंह उपवन की सफाई की। आयोजन में मुख्य रूप से छात्रावास अधीक्षक भूपेंद्र सिंह एवं हिताय के निदेशक उमेश पंसारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### श्री हनुमान प्रकटोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा

**सीहोर।** इस वर्ष भी श्री हनुमान प्राकटोत्सव के पावन अवसर पर हनुमान मंदिर समिति म.प्र.विद्युत मण्डल, दीवडिया के तत्वावधान में श्री मंगल करण हनुमान मंदिर, दिवडिया में श्री ब्रम्हाण्ड नायक परम पिता परमेश्वर की कृपा से हनुमान प्रकटोत्सव पर्व पर यज्ञ, हवन का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर 1 अप्रैल को श्री गणेश पूजन एवं यज्ञ, सुबह 8 बजे हवन पूजन एवं रात्रि 8 बजे सुंदर कांड का आयोजन होगा। वहीं गुरुवार सुबह 6 बजे श्रृंगार आरती एवं पूर्णाहूति की जाएगी। इस पावन अवसर पर समिति द्वारा समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से अनुरोध किया गया है अधिक से अधिक संख्या में पधारकर यज्ञ दर्शन कर अपने जीवन को कृतार्थ करें।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लाइसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### ग्रामीण महिलाएं बोलीं: गांव में बिजली, पानी और मोबाइल का नेटवर्क आदि की जैसी सुविधाएं नहीं है

# पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी सलकनपुर जाते समय लोहपठार गांव पहुंचे, ग्रामीणों ने बताई समस्याएं

#### गांव में नहीं है मूलभूत सुविधाएं: वर्षों बाद भी पानी, बिजली और नेटवर्क की समस्याओं से जूझ रहे है ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

मध्यप्रदेश के सीहोर जिले का आदिवासी गांव लोहापठार आज भी उन बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है, जो किसी भी सामान्य जीवन के लिए जरूरी होती हैं। आजादी के 75 साल बाद भी यहां के हालात ऐसे हैं कि लोग खुद को उपेक्षित और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

यह गांव इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि इसे पूर्व सांसद एमजे अकबर ने गोद लिया था और यह राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के विधानसभा क्षेत्र इछावर में आता है।

ग्रामीणों को उम्मीद थी कि उनके गांव की तस्वीर बदलेगी, लेकिन आज भी हालात जस के तस हैं। उनका कहना है कि नेता सिर्फ चुनाव के समय आते हैं और वादे करके चले जाते हैं। लोहापठार की यह कहानी सिर्फ एक गांव की नहीं, बल्कि उन हजारों गांवों की सच्चाई है, जहां आज भी लोग विकास के वादों के बीच संघर्ष कर रहे हैं। यह गांव एक आईना है, जो दिखाता है कि असली विकास अभी भी जमीन तक नहीं पहुंच पाया है और लोग आज भी एक बेहतर कल की उम्मीद में जी रहे हैं।

**पानी के लिए रोज की जंग :** गांव में पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। महिलाओं और बच्चों को रोजाना एक से डेढ़ किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ता है। गर्मी के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, जब तेज धूप में सिर पर घड़े



रखकर पानी ढोना उनकी मजबूरी बन जाती है। यह दृश्य आज के आधुनिक भारत पर सवाल खड़े करता है।

**कोलार डैम के पास, लेकिन गांव प्यासा :** सबसे बड़ी विडंबना यह है कि गांव के पास ही कोलार डैम स्थित है, जहां से भोपाल शहर को पानी सप्लाई किया जाता है। लेकिन उसी डैम के किनारे बसे इस गांव में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। यह स्थिति विकास की योजनाओं की जमीनी सच्चाई को उजागर करती है।

**नेटवर्क के लिए पेड़ों पर चढ़ने की मजबूरी :** डिजिटल युग में जहां इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क आम बात हो गई है, वहीं इस गांव के लोग आज भी नेटवर्क के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि फोन पर बात करने के लिए उन्हें पहाड़ियों या पेड़ों पर चढ़ना पड़ता है। कई बार इस दौरान हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन समस्या अब तक हल नहीं हुई है।

#### बिजली की कमी ने बढ़ाई मुश्किलें

गांव में बिजली की स्थिति भी बेहद खराब है। कई घरों में बिजली नहीं है और जहां है भी, वहां नियमित सप्लाई नहीं मिलती। इस कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है और ग्रामीणों का सामान्य जीवन अंधेरे में गुजरता है।

**जीतू पटवारी के सामने फूटा ग्रामीणों का दर्द :** रविवार को जीतू पटवारी जब गांव पहुंचे, तो ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं उनके सामने रखीं। महिलाओं ने कहा."साहब, न पानी है, न बिजली बस वोट के समय सब आते हैं, फिर कोई नहीं लौटता।" पटवारी ने भी इस स्थिति को गंभीर बताते हुए अधिकारियों से बात कर समाधान का आश्वासन दिया। रविवार को पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने काफिले के साथ सलकनपुर जा रहें थे। इस दौरान वह अल्प समय के लिए इछावर विधानसभा क्षेत्र के आदीवासी गांव लोहापठार में रूके। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भेंटकर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। चर्चा के दौरान ग्रामीणों खासकर महिलाओं ने बताया कि गांव में बिजली, पानी और मोबाइल का नेटवर्क आदि की सुविधाएं नहीं है। इसके चलते उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



#### आदिवासी अंचल में उपेक्षा की कहानी

लोहापठार एक आदिवासी बहुल गांव है, जहां बारेला और गोंड समाज के लोग रहते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से उनकी अनदेखी की जा रही है, जिससे वे आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, ब्लांक अध्यक्ष बलवान पटेल, घनश्याम मीणा आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

#### भाजपा की 20 वर्षों की सरकार ने क्षेत्र को 200 साल पीछे धकेला

इस मौके पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश में पिछले 20 वर्षों से भाजपा की सरकार है, लेकिन इस सरकार ने क्षेत्र के विकास खासकर अंचल के आदीवासियों के उत्थान को लेकर कोई काम नहीं किया है। यही कारण है कि आदीवासी अंचल के लोगों को अभी तक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई है। हैरानी की बात तो यह है कि पूर्व लोकसभा सांसद एमजे अकबर द्वारा इस गांव को गौद लिया गया था। लेकिन गांव का दुर्भाग्य है कि यहां विकास की बात तो दूर लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नसीब नहीं कराई जा सकीं।

## नर्मदा परिक्रमा कर लौटे विक्रम मस्ताल के यहां भंडारा हुआ कांग्रेस और भाजपा के कई बड़े नेता सहित लोग शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी


मां नर्मदा, मां विजयासन देवी के परम भक्त, अभिनेता एवं कांग्रेस नेता विक्रम मस्ताल शर्मा हनुमानजी ने मां नर्मदा पदयात्रा के बाद अब अपने इटारसी स्थित निवास पर भंडारे का आयोजन किया।

इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, एआईसीसी सचिव सत्यनारायण पटेल, पूर्व सांसद नकुलनाथ, पूर्व मंत्री विधायक सचिन यादव, संजू शर्मा, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया, जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती, सहित कई भाजपा के नेता भी पहुंचे। सभी ने विक्रम मस्ताल शर्मा को



फूलमाला पहनाई और यात्रा के पूर्ण होने पर बधाई, शुभकामनाएं भी दी। इसके बाद नेताओं ने भंडारे की प्रसादी ग्रहण की। बाद में सभी मां विजयासन दरबार में भी पहुंचे और पूजा अर्चना की। नकुलनाथ, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने मां विजयासन से प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी अपनी धर्मपत्नी के साथ पहुंचे थे। नकुलनाथ ने कहा कि मां नर्मदा की परिक्रमा सौभाग्य से करने को मिलती है। विक्रम मस्ताल शर्मा को ये सौभाग्य मिला है। हम सभी उनकी यात्रा के बाद भंडारे में शामिल हुए हैं। नकुलनाथ ने भोजन पांडाल में पहुंचकर भी लोगों से मुलाकात की। मां नर्मदा पदयात्रा के बाद हुए भंडारे में विधायकगणों में सुखदेव पांसे, हर्ष यादव, आरके दोगने, दिनेश गुर्जर, संजू शर्मा, राजकुमार पटेल, सत्यनारायण पटेल, रीना बोरासी महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष, देवेंद्र पटेल, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष संजय पटेल हवेली सहित भाजपा नेता गुरुप्रसाद शर्मा, मारुति शिशिर, नीरज मालवीय, राजेश राजपूत, कुंवर नीरज सिंह सहित बड़ी संख्या बुधनी विधानसभा के लोग एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए।

## बहुजन उत्सव समिति सीहोर की बैठक संपन्न



**सीहोर।** बहुजन उत्सव समिति सीहोर की बैठक डॉ.अंबेडकर धर्मशाला सीहोर में आयोजित की गई। जिसमें आगामी 14 अप्रैल 2026 को बाबा साहब अंबेडकर की जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए समिति के चुनाव किये गये। चुनाव एड. कमलेश कुमार संस्थापक एवं मुख्य संरक्षक बहुजन समाज समिति की अध्यक्षता में संपन्न हुए। जिसमें नीरज जाटव को बहुजन उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश जांगड़े को चल समारोह अध्यक्ष एवं सचिन जाटव शहर अध्यक्ष और वीरेंद्र जांगड़े ग्रामीण अध्यक्ष सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 29 मार्च तक अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु प्रचार-प्रसार समिति अनुशासन समिति एवं अन्य जिम्मेदारियां बैठक में दी जाएगी। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज सिंह थरेले, हरिओम बौद्ध, राहुल सूर्यवंशी, सत्येंद्र मंगरोलिया, घनश्याम सरपंच,नवीन महोलिया, सोनू जाटव, लाल सिंह कटारिया, महेंद्र वीरू जाटव,जाटव, राजकमल वंशकार, लक्ष्मी दोहरे, कृष्णा सूर्यवंशी, सचिन, विक्की महोबिया, मोनू जाटव, राजू मंगरोलिया, विष्णु जांगड़े आदि उपस्थित रहे।

## बुधनी में राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो-2026 का भव्य शुभारंभ आज, 24 मार्च को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

केंद्रीय कृषि यंत्रीकरण एवं परीक्षण प्रशिक्षण संस्थान (CFMTTI), में आयोजित होने जा रहे "राष्ट्रीय कृषि उदय एक्सपो–2026" का भव्य शुभारंभ 23 मार्च को प्रातः 11:00 बजे मध्य प्रदेश शासन के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना द्वारा किया जाएगा।

तीन दिवसीय इस कृषि प्रदर्शनी के दूसरे दिन 24 मार्च को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान एक्सपो का दौरा करेंगे इस दौरान वे किसानों, कृषि विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव और अनुभव साझा करेंगे।

कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, स्थानीय विधायक रामाकांत भार्गव सहित प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यह एक्सपो किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, उद्यमियों एवं छात्रों के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों,




यंत्रीकरण और नवाचारों को समझने का एक बड़ा मंच साबित होगा प्रदर्शनी में आधुनिक कृषि यंत्र, ड्रोन तकनीक, फसल प्रबंधन, प्रसंस्करण तकनीकों और कृषि यंत्रीकरण से जुड़े नवीनतम उपकरणों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों को विभिन्न शासकीय योजनाओं, तकनीकी नवाचारों और स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, उद्यमियों और विशेषज्ञों के शामिल होने की संभावना है, जिससे यह आयोजन कृषि क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बनेगा।

## नाच, गाकर निकाला गणगौर का चल समारोह, सामूहिक झाले दिए

**भैरुंदा।** गुरुवार को गणगौर पर्व के समापन मौके पर उत्साह और उमंग से लबरेज नव विवाहिताएं, महिलाएं एवं युवतियां उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पहुंची और पर्व का समापन किया। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए और झाले देकर सामूहिक रूप से लगातार 16 दिनों से चले आ रहे गणगौर पर्व पर नाच गा कर अपनी खुशी का इजहार किया। इस दौरान ईशा जी और गौरा जी की पूजा-अर्चना की गई। इस पर्व को लेकर विशेष रूप से नव विवाहिताओं में उत्साह देखा गया। गुरुवार को शाम ढलते ही नव विवाहिताएं महिलाओं एवं कुंआरी कन्याओं का हुजूम उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर पहुंचने लगा था। अपने-अपने ग्रुप में महिलाओं का जत्था यहां पहुंचा और परंपरागत रूप से होने वाली गौरा जी व ईशा जी की पूजा कर महिलाओं ने झाले दिए एवं उन्हें विदाई दी। गणगौर को ढोल-ढमाकों की थाप के बीच मंगल कलश सिर पर सजाकर चल समारोह के रूप में लाया गया। शाम होते-होते सैकड़ों की तादाद में महिलाओं का जनसमूह यहां पहुंचा और गणगौर पर्व पर गाये जाने वाले गीतों का सिलसिला प्रारंभ हुआ। मारवाड़ी समाज की सभी



महिलाएं सजधज कर दुल्हन के वेश में यहां पहुंची थी और सिर पर गणगौर रखकर गीत गाते हुए चल रही थी। अलग-अलग टोली में युवतियों का समूह नृत्य करने की मस्ती में व्यस्त था और आज के इस विशेष दिन को कोई भी नही छोडऩा चाहता था। गणगौर को बगीचे में ले जाया गया और नदी पर ले जाकर इसका विसर्जन किया। इस दौरान महिलाओं ने सबसे पहले झाले दिये और गणगौर गीत गाये।

**महिलाओं ने की गणगौर की पूजा :** गणगौर की पूजा करने के लिए अल सुबह से ही अपने परिवार के साथ महिलाएं पूजन करने के लिए पहुंची। सुबह से प्रारंभ हुआ पूजन का दौर दोपहर तक चलता रहा और अधिक भीड़ होने के चलते महिलाओं ने पूजा करने में जल्द बाजी भी नही दिखाई। जिन स्थानों पर पिछले 16 दिनों से गणगौर की पूजा की जा रही थी वहां पर सुहागीन महिलाएं पहुंची और चुनरी की साड़ी में माता की पूजा अर्चना की। गणगौर पर्व के मौके पर महिलाओं के द्वारा उजमने के आयोजन भी किए जिसके तहत महिलाओं को सुहाग सामग्री का वितरण किया गया। नगर में दर्जनों स्थानों पर उजमने के आयोजन संपन्न हुए। गणगौर पर्व के उजमने का भी विशेष महत्व बताया गया है जिसमें गौरा जी एवं ईशा जी की पूजा अर्चना करने के उपरांत महिलाओं को अपने घर बुलाकर भोजन कराकर सुहाग सामग्री देकर विदा किया जाता है।

### 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा

# जिले में अनेक स्थानों पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले मे 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनभागीदारी के माध्यम से कुओं, तालाओं, नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। अभियान के तहत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं, ताकि जल स्त्रोतों का संरक्षण हो सके।

इसी क्रम जल संरक्षण गतिविधियों के अंतर्गत 21 मार्च को सीहोर जनपद सीईओ श्रीमती नमिता बघेल सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्राम लसूड़िया परिहार में तालाब की साफ सफाई का कार्य किया गया। इसी प्रकार बुधनी में नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा नर्मदा किनारे साफ सफाई की गई और






जल संरक्षण क संदेश दिया गया।

उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित खेत, तालाब, अमृत सरोवर, परकोलेशन टैंक, डगवेल, तालाब जीर्णोद्धार, जनभागीदारी के कार्य, कूप एवं बाउंड्री मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनभागीदारी से जल संरक्षण तथा संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी तथा और विभिन्न सहयोगी विभागो की समेकित पहल से जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया भी किया जा रहा है।

## मध्य प्रदेश मीना समाज सेवा संगठन जिला इकाई ने धूमधाम से मनाई मीनेश जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शनिवार को सीहोर जिले के अंतर्गत तहसील मुख्यालय श्यामपुर पर सभी स्वजातीय बंधुओ ने भगवान विष्णु के प्रथम अवतार एवं मीना समाज के आराध्य देव भगवान मीनेश के जन्मोत्सव के उपलक्ष पर कार्यक्रम रखा गया, जिसमें गंगा प्रसाद पटेल, शिवनारायण टाटू ने भगवान मीनेश एवं माँ सरस्वती की तस्वीर पर फूल माला अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर समाज के सभी वरिष्ठ जन एवं क्षेत्र के कई युवा उपस्थित रहे। समाज के वरिष्ठ जनों ने इस अवसर पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

जिसमें समाज को शिक्षित बनाने, आधुनिक खेती करने एवं व्यापार में आगे बढऩे के लिए तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने पर सबने अपने-अपने उद्बोधन दिए एवं समाज को सक्षम सुदृढ़ संपन्न एवं राजनीतिक सक्षम बनाने पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित मीना समाज सेवा संगठन के जिले के एवं प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद थे एवं क्षेत्र के सभी वरिष्ठ जन एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

एक-दूसरे को गले लगाकर दी ईद की मुबारकबाद, बेहतर व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन का आभार किया व्यक्त

# मुस्लिम समाज बंधुओं ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

मुस्लिम समाज बंधुओं द्वारा पवित्र रमजान माह के 30 दिन के रोजे के बाद चांद दिखाई देने पर शनिवार सुबह ईद की नमाज अदा की। नगर के बस स्टैंड के समीप ईदगाह पर पहुंचकर बड़ी तादाद में मुस्लिम बंधुओं द्वारा खुदा से आपसी भाईचारे अमन चैन की दुआ मांगी तथा ईद की नमाज अदा की गई। ईद की नमाज मोहम्मद बिलाल अहमद मौलाना द्वारा कुरान की आयात पढ़ाकर अमन चैन का पैगाम देते हुए ईद की नमाज अदा करवाई गई। बस स्टैंड पर ईद मिलन समारोह का कार्यक्रम प्रशासन एवं ईद मिलन कमेटी द्वारा रखा गया जहां पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी एवं पत्रकार बंधुओं ने इत्र पान कराकर एक दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाई दी गई। इस मौके पर तहसीलदार आरपी सिंह गौड़, थाना प्रभारी आदित्य सोनी, एस आई संतोष सिंह, पूर्व मंडी अध्यक्ष कमल सिंह पवांर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, नगर परिषद कर्मचारी राकेश मंडलोई, कमल मंडलोई, आजाद झावा, ईद मिलन कमेटी के पूर्व पार्षद वाहिद शाह, अबरार ताई, जमील खान, शाहिद शाह, सदर शहजाद खान, बादशाह लाला, जलील अहमद, शकीलअहमद, अशरफ खान, जाकिर खान, हिदायत ताई सहित प्रशासनिक अमला मुस्तेद रहा। ईद मिलन में बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधु जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।




## ब्यावरा में ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



ब्यावरा। ईद-उल-फितर के अवसर पर स्थानीय ईदगाह पर हजारों की संख्या में मुस्लिम समाजजन एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की गई। रमजान माह के मुकम्मल होने के बाद इस्लाम धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार ईद-उल-फितर मनाया गया। इस मौके पर सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शनिवार को सुबह जामा मस्जिद पर एकत्रित होकर जुलूस की शक्ल में ईदगाह पहुंचे। ईदगाह पर खिताब करते हुए मुफ्ती शाकिर फलाही ने कहा कि इस्लाम धर्म ऊँच नीच और भेदभाव को खत्म करने का पैग़ाम देता है। उन्होंने कहा कि मुसलमान का सबसे बड़ा कर्त्तव्य अपने पड़ोसी की जरूरतों में उसकी मदद करना है। विविधता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है इसी ताकत से देश मज़बूत होगा। ईदगाह पर ईद की नमाज़ के बाद मुफ्ती हाशिम अजहरी ने मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। ईदगाह पर नमाज़ अदायगी के पश्चात शहर की हुसैनी मस्जिद एवं जामा मस्जिद में भी ईद-उल-फितर की नमाज़ अदा की गई। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर इक़बाल हुसैन ने बेहतरीन व्यवस्थाओं के लिए पुलिस प्रशासन एवं नगरपालिका का आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया,पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी, नगरपालिका उपाध्यक्ष अतुल जगताप, पूनम मेवाड़े, महेंद्र यादव,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे, पार्षद कैलाश कुशवाह, राधेश्याम दांगी ने ईदगाह स्थल पर जाकर सभी मुस्लिम समाज बन्धुओं को ईद की शुभकामनाएं दी। इस अवसर सभी नागरिक उपस्थित रहे।

## नगर में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया ईदगाह में अदा हुई सामूहिक नमाज

**नरसिंहगढ़।** शहर में ईद का पावन त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस मौके पर अस्पताल रोड स्थित ईदगाह पर सामूहिक नमाज अता कर अमन शांति की दुआए कबूल की सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग नए कपड़े पहनकर ईदगाह पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने सामूहिक नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। इस दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही, प्रशासन और पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। ईदगाह परिसर में बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर सेवइयों और मिठाइयों का आनंद लिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी पहुंचकर लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया।



वैक्सीनेशन में लापरवाही पर कार्रवाई

# राजगढ़ जिले के 53 सीएचओ को कलेक्टर ने थमाए नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में संचालित वैक्सीनेशन अभियान में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में टीकाकरण कार्य की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बड़ी बात यह है की स्वास्थ में लापरवाही पर जिले के 53 सीएचओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि विभिन्न विकासखंडों में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की उपलब्धता एवं कार्य निष्पादन अपेक्षित स्तर से कम है। सारंगपुर, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, राजगढ़, खिलचीपुर एवं जीरापुर क्षेत्रों में सीएचओ की औसत उपलब्धता लगभग 30 प्रतिशत रही, जो निर्धारित 52 प्रतिशत के औसत से काफी कम है। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए जिले के 53 सीएचओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

जिला टीकाकरण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वैक्सीनेशन का लक्ष्य 15,942 निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 8,478 हितग्राहियों को टीके लगाए जा चुके हैं। कलेक्टर ने शेष लक्ष्य को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सीएमएचओ को दिए गए तल्ख निर्देश

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि टीकाकरण कार्य में तेजी लाते हुए मैदानी स्तर पर सतत निगरानी सुनिश्चित करें तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लढश वैक्सीनेशन अभियान महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इसमें किसी भी स्तर पर उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिले में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।



# पेट्रोल से भरे टैंकर के टायर में लगी आग, टला बड़ा हादसा

फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शनिवार सुबह लगभग 6 बजे काका जी होटल के पास सर्विस रोड हाईवे पर खड़ी डायल 112 टीम को एक बड़ा हादसा टलने में सफलता मिली। डायल 112 में तैनात प्रधान आरक्षक राकेश गुदेन ने एक 12 चक्का पेट्रोल टैंकर के टायर में अचानक आग लगते हुए देखा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने तुरंत थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा को फोन पर सूचना दी और टैंकर चालक को सतर्क कर वाहन को सुरक्षित रूप से हाईवे से हटाकर सर्विस रोड पर खड़ा कराया। सूचना मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही नगर पालिका सारंगपुर की फायर ब्रिगेड टीम को भी तुरंत बुलाया गया। पुलिस द्वारा तत्काल हाईवे के दोनों ओर यातायात को रोक दिया गया, जिससे कोई बड़ा हादसा न हो सके। फायर ब्रिगेड की मदद से कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इस दौरान उप निरीक्षक गोटीसिंह परस्ते, प्रधान आरक्षक राकेश गुदेन बनवारी गुर्जर, नरेन्द्र धाकड़, धर्मेन्द्र जायसवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# सब जेल सारंगपुर में बंदी पर हमला गंभीर धाराओं में मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर




उप जेल सारंगपुर में एक विचाराधीन बंदी पर हमले का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 20 मार्च को जेल परिसर में बंदियों के बीच विवाद के बाद एक बंदी पर दूसरे बंदी द्वारा हमला किया गया। घटना के दौरान घायल बंदी को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि आरोपी बंदी पहले भी विवादित गतिविधियों में शामिल रहा है और जेल में अन्य बंदियों से झगड़ा करता रहा है। घटना के समय भी किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई।

जेल प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। इस मामले में सहायक जेल अधीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस द्वारा दर्ज प्रकरण में मारपीट, गंभीर चोट पहुंचाने और अन्य संबंधित धाराएं शामिल की गई हैं। जेल प्रशासन के अनुसार घटना की जांच की जा रही है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है। वहीं पुलिस ने मामले को विवेचना में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों की निगरानी को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नगर में महिलाओं ने गणगौर पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर में गणगौर पर्व महिलाओं द्वारा उल्लास से मनाया गया। प्रातः से महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पारम्परिक वेशभूषा धारण कर आनन्द मय वातावरण में पुजा की तैयारियां करती है तत्पश्चात अनेकों महिलाओं ने अपने अपने घरों में तथा दुसरी ओर सामुहिक रूप से नगर के मंदिरों में गणगौर की पुजा अर्चना की। महिलाओं ने बताया कि गणगौर पर्व एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट प्रेम और मिलन का प्रतीक है। वैसे इस पर्व को मुख्य रूप से राजस्थान और मध्य प्रदेश में बड़े जोर-शोर से मनाया जाता है। जहां महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए व्रत रखती हैं और पूजा करती हैं।

इस पर्व की शुरुआत होली पर्व के बाद होती है जो कि लगभग 16 दिनों तक चलता है। इस दौरान महिलाएं माता गौरी और भगवान शिव की मूर्तियों को सजाती हैं, ओर अपने पति की लम्बी उम्र के लिए व्रत रखती हैं, ईसर पार्वती की पूजा कर गोर गोर गोमती ईश्वर पूजे पार्वती गाती है। निर्मला भण्ड़ारी श्रीमती कुसुम जमींदार, श्रीमती इंदिरा गुप्ता, श्रीमती मनीषा सोनी, मंजू गुप्ता ने बताया कि महिलाओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक, परिवार और समाज में प्रेम, सम्मान, और सौहार्द का पर्व है।

27 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

# सिंचाई, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं से बदल रही ग्रामीण तस्वीर : पंवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनवास

ग्रामीण विकास के प्रति संकल्पित मध्यप्रदेश सरकार गांवों को सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को ब्यावरा विधानसभा के ग्राम लखनवास में मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा 26 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन/लोकार्पण और शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने 14 करोड़ 98 लाख 22 हजार रुपए की लागत से लखनवास से दूधिया दीवान (नरसिंहगढ़) मार्ग (7.70 किलोमीटर) के उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया, जिससे क्षेत्र में आवागमन सुविधा और अधिक सुदृढ़ होगी। वहीं ग्राम लखनवास में 1 करोड़ 59 लाख रुपए से निर्मित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण कर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया।

इसके अतिरिक्त 10 करोड़ 21 लाख की लागत से ग्राम पंचायत गांगाहोनी, आमडोर, पाडलीगुसाई, लखनवास, सीलखेड़ा, भंवास, पातलापानी, तरेना, बगवाज, बेरियाखेड़ी, सेमलापार, टोडी, चुकल्या, खेजड़ामहाराजा, कुंडीखेड़ा, आगर एवं सुंदरपुरा में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया, जिससे ग्रामीण आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी। इस दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास की अभूतपूर्व गति देखने को मिल रही है। पिछले 22 वर्षों में मध्यप्रदेश ने विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं और सरकार निरंतर जनकल्याण की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 2003 से पहले मध्यप्रदेश ह्लबीमारू राज्यह्व की श्रेणी में था, लेकिन आज हमारा प्रदेश विकसित राज्यों में सम्मिलित होकर हर क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है।

### वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा

मंत्री पंवार ने कहा कि आज भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व मंच पर एक मजबूत और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां चाहे वह अंतरराष्ट्रीय संघर्ष हों, ऊर्जा संकट हो या आर्थिक अस्थिरता—इन सभी चुनौतियों के बीच भारत ने अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रखा है। उन्होंने विशेष रूप से पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी के प्रभावी नेतृत्व और दूरदर्शी नीतियों के कारण देश में आम जनता पर इसका अत्यधिक भार नहीं पड़ा। सरकार ने संतुलित नीति अपनाते हुए आपूर्ति को सुचारू बनाए रखा और कीमतों को नियंत्रित रखने का सफल प्रयास किया, जिससे आम नागरिकों को राहत मिली।

### सिंचाई और जल प्रबंधन में ऐतिहासिक परिवर्तन

मंत्री पंवार ने ब्यावरा विधानसभा में सिंचाई क्षेत्र में हुए व्यापक परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्वती नदी पर बन रहे दो बड़े बांध इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होंगे। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से हजारों हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी, जिससे किसानों की उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि मोहनपुरा और कुंडालिया परियोजनाओं ने क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। जहां पहले किसान वर्षा पर निर्भर थे, वहीं अब उन्हें नियमित सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है। साथ ही इन परियोजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति भी मजबूत हुई है, जिससे गांव-गांव में जल संकट काफी हद तक समाप्त हुआ है। यह परिवर्तन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर है।

## सारंगपुर के मऊ में ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत

सारंगपुर। क्षेत्र के मऊ में शुक्रवार रात 9 बजे एक 62 वर्षीय बुजुर्ग ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पड़ाना चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान करोंदी गांव निवासी मानसिंह पिता भंवरजी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले मृतक ने पड़ाना चौकी पहुंचकर परिजनों से परेशान होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके कुछ समय बाद ही उसने यह कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम रात में ही मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। शनिवार सुबह करीब 10 बजे सारंगपुर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक मानसिंह भिलाला निवासी (हीरापुर) करौंदी कृषि का कार्य करता था तथा अपने परिवार से अलग निवास करता था, और शुक्रवार दोपहर 12 बजे से घर से लापता था।

जनभागीदारी से बढ़ेगी जागरुकता, सुरक्षित होगा भविष्य का जल

# श्रमदान से दिया जल संरक्षण का सशक्त संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियां सतत रूप से संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में विकासखंड राजगढ़ के ग्राम तोतिपुरा में आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने स्वयं श्रमदान कर अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का संदेश दिया। कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण केवल शासन का कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे परंपरागत जल संरचनाओं के संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं जल के समुचित उपयोग के प्रति सजग रहें, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, संदीप सोनी, जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पंवार सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों ने भी उत्साहपूर्वक श्रमदान कर अभियान में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा ह्लआओ, सब जुड़ेंह्व के संदेश के साथ सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया। अभियान के अंतर्गत जिलेभर में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, गहरीकरण, बोरी बंधान एवं अन्य संरक्षणात्मक गतिविधियों के माध्यम से जल संरचनाओं को पुनर्जीवित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर जल संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, जिससे जब सब जुड़ेंगे, तब ही जल बचेगा, धरती बचेगी और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा का संकल्प साकार हो सके।




# शहर के कई रेस्टोरेंट्स से 10 सिलेंडर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर प्रशासन ने शनिवार को सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर शहर के विभिन्न रेस्टोरेंट्स और दुकानों पर छापेमारी कर 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

छापेमारी के दौरान कई रेस्टोरेंट और दुकानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग होता पाया गया। प्रशासन ने इन मामलों में सख्ती दिखाते हुए संबंधित संचालकों के खिलाफ पंचनामा कार्रवाई की। तहसीलदार निधि लोधी ने स्पष्ट किया कि शहर में गैस की कोई कमी नहीं है और एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

### गैस एजेंसी संचालकों को भी दिए हैं निर्देश

एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे डिलीवरी से संबंधित जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करें, ताकि उपभोक्ताओं में किसी प्रकार का भ्रम न फैले। तहसीलदार प्रीति पंथी ने जानकारी दी कि वर्तमान में गैस सिलेंडरों की डिलीवरी दो दिनों के भीतर की जा रही है, इसलिए उपभोक्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने दोहराया कि घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग प्रतिबंधित है और इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने छोटे व्यापारियों, विशेषकर चाय-नाश्ते की दुकानों के संचालकों को भी चेतावनी दी है।

**खबर संक्षेप**

### जल, जंगल, जलवायु संरक्षण का दिया संदेश



**सीहोर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जन अभियान परिषद द्वारा वन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया और कदंब के पेड़ की छांव में प्रकृति की पाठशाला लगाकर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संभाग समन्वयक वरुण आचार्य ने कहा कि प्रकृति का श्रृंगार ही वन है और हम यदि इन्हें कटने से बचा पाएं जो हम अपनी पृथ्वी मां के सच्चे सपूत कहलाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी आदतों में पर्यावरण हितेषी कार्यों को अपनाना चाहिए और जल, जंगल, जमीन, जलवायु की चिंता करते हुए इनका संरक्षण करना चाहिए। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान भी संचालित किया जा रहा है। जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय ने कहा कि एक पेड़ मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक उसका सारथी रहता है। इनसे मित्रता करें और इन्हें कटने से रोकें, तभी हम पर्यावरण के सच्चे मित्र कहलाएंगे। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तीन चरणों में संचालित होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सभी छात्रों को जल संरक्षण पर शपथ भी दिलाई गई।

### संयम रूपी नौका पर सवार होकर करें आत्मकल्याण का पुरुषार्थ: मुनिश्री

# नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्मसभा के बाद भोपाल के लिए हुआ मंगल विहार

मुनि श्री ने आचार्य नेमीचंद सिद्धांत सागर मुनिराज का स्मरण करते हुए कहा कि आत्मा की सच्ची निधि यदि कोई है तो वह पुण्य है। भौतिक संपत्ति जीव को दुर्गति की ओर ले जा सकती है, जबकि पुण्य ही वास्तविक और अमूल्य संपत्ति है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के नेमीनगर सांई कॉलोनी स्थित श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विराजमान रत्नाकर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि "संयम रूपी नौका पर सवार होकर ही जीव संसार सागर से पार हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आत्मकल्याण के लिए पुरुषार्थ करना चाहिए। मुनिश्री ने आचार्य नेमीचंद सिद्धांत सागर मुनिराज का स्मरण करते हुए कहा कि आत्मा की सच्ची निधि यदि कोई है तो वह पुण्य है।

भौतिक संपत्ति जीव को दुर्गति की ओर ले जा सकती है, जबकि पुण्य ही वास्तविक और अमूल्य संपत्ति है। उन्होंने कहा कि "हम तीर्थंकरों की वाणी का श्रवण कराते हैं, आज के समय में अधिकांश वक्ता वही कहते हैं जिससे श्रोता प्रसन्न हों, लेकिन भगवान की वाणी सुनाना विरले ही लोगों के बस की बात है। मुनि श्री विश्व सागर मुनिराज ने आगे कहा कि यदि निज आत्मा का आनंद प्राप्त करना है तो पर वस्तुओं और आसक्ति को छोड़ना होगा। संसार में पाप की अधिकता है, जबकि पुण्य भावों की निर्मल परिणति है। भगवान एवं साधु-संतों की आराधना से ही पुण्य का अर्जन होता है। विवेकी और ज्ञानी वही है जो पाप से भय करता है और निरंतर पुण्य संचय करता है। मुनिश्री ने कहा कि पुण्य का त्याग नहीं करना चाहिए, बल्कि उसे बढ़ाना चाहिए, परंतु उसमें आसक्ति भी नहीं होनी चाहिए। "पुण्य ही सिद्धालय की यात्रा कराता है। प्रवचन की जानकारी समाज के नरेंद्र गंगवाल ने देते हुए बताया कि मुनिश्री ने कहा ज्ञान को मोह की भट्ठी में न जलाएं, बल्कि उसे योग में लगाएं, भोग में नहीं," उन्होंने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के पास अनंत ज्ञान, अनंत दर्शन जैसी अपार संपत्ति होते हुए भी वह उसका सदुपयोग नहीं कर पाता। करोड़ों की संपत्ति होने के बाद भी यदि ज्ञान का उपयोग नहीं किया जाए तो मनुष्य भीतर से दरिद्र ही रहता है। उन्होंने दो प्रकार के जीवों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक वे हैं जो केवल अपना भला चाहते हैं, जबकि दूसरे वे हैं जो सबके कल्याण की भावना रखते हैं।मुनिश्री ने स्वाध्याय और चिंतन पर बल देते हुए कहा कि निरंतर अध्ययन और मनन से ही ज्ञान रूपी मक्खन प्राप्त होता है,जो अंततः केवल्यज्ञान की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। श्रुत ज्ञान को ही सभी ज्ञानों का आधार बताते हुए उन्होंने श्रुत ज्ञानी बनने की प्रेरणा दी।

धर्मसभा के पश्चात शनिवार शाम लगभग 3:45 बजे मुनि श्री विश्वसूर्य सागर महाराज एवं मुनि श्री साध्य सागर महाराज ने नेमीनगर स्थित श्री नेमिनाथ मंदिर से भोपाल के लिए मंगल विहार किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे और मुनिश्री को भावभीनी विदाई दी। पूरे कार्यक्रम के दौरान आष्टा नगर में धर्म, ज्ञान और आध्यात्मिकता का वातावरण बना रहा।

# वाटरस्पोर्ट्स खिलाड़ी का विधायक ने सम्मान किया

**21 हजार की राशि देने की घोषणा**



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा


विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गऊखेड़ी के युवा होनहार कैनोइंग और कयाकिंग वाटरस्पोर्ट्स (जल क्रीड़ा) के खिलाड़ी अमन ठाकुर पिता कृपालसिंह ठाकुर का कैनोइंग और कयाकिंग वाटरस्पोर्ट्स के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने पर अपने कार्यालय आमंत्रित कर युवा खिलाड़ी अमन ठाकुर का स्वागत सम्मान किया।

इसी के साथ ही उसे 21 हजार रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की। विधायक कार्यालय पर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गऊखेड़ी के अमन ठाकुर जिसने कैनोइंग और कयाकिंग वाटरस्पोर्ट्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने सीहोर जिले के साथ आष्टा का व अपने ग्राम गऊखेड़ी का नाम रोशन किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने अमन ठाकुर को बधाई देते हुए इस क्षेत्र में कड़ी मेहनत करने और राष्ट्रीय, अंतराष्ट्रीय स्तर तक सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी। स्मरण रहे हर वर्ष बंसल ग्रुप द्वारा पंख खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाता हैं जिसमें हर जिले से एक उत्तम खिलाड़ी को चुना जाता है।

इस वर्ष सीहोर जिले से अमन ठाकुर पुत्र कृपाल सिंह ठाकुर को चुना गया और उसे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के हाथों 50 हजार रुपये का चेक तथा पदक प्रदान कर मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। स्मरण रहे वॉटरस्पोर्ट्स खिलाड़ी अमन ने पहले भी राष्ट्रीय स्तर आयोजित हुई कई प्रतियोगिताओं में काफी पदक जीत रखे है। इस अवसर पर महेंद्रसिंह ठाकुर गऊखेड़ी, कृपालसिंह ठाकुर, योगेन्द्रसिंह ठाकुर, दिनेश पंवार, सौरभ जैन शीतल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

# ईद पर सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल दिखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ईद का पर्व अपार श्रद्धा, उल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाया। ईद के पावन अवसर पर ईदगाह में मुस्लिम समाजजनों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा कर देश, प्रदेश व नगर की सुख-समृद्धि, शांति और सद्भावना के लिए विशेष दुआएं मांगी। नमाज के पश्चात जो दृश्य सामने आया, वह आष्टा नगर की गंगा-जमुनी संस्कृति और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बन गया। सकल समाज ने इस अवसर पर प्रमुख भूमिका निभाते हुए मुस्लिम समाज के बीच पहुंचकर उन्हें ईद की हार्दिक मुबारकबाद दी और प्रेम, सद्भाव एवं एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में समाजजनों ने शहर काजी साहब पुष्पमालाओं, साफा एवं शाल-श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार भी इस गरिमामयी अवसर पर उपस्थित रहे और उन्होंने भी काजी साहब का सम्मान कर आपसी भाईचारे को और सुदृढ़ किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि आष्टा नगर में सभी धर्म और समाज एक परिवार की तरह मिलकर पर्व-त्योहार मनाते हैं। इस दौरान प्यारे भाई पटेल, पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष राजकुमार मालवीय ने सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा का शाल-श्रीफल से सम्मान कर उनकी सामाजिक सक्रियता की सराहना की।वहीं वरिष्ठ पत्रकार जहुर मंसूरी एवं इसराहील मंसूरी द्वारा कैलाश परमार एवं नरेंद्र कुशवाहा का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्टेशनरी व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष पल्लव प्रगति एडवोकेट, सकल हिंदू समाज सचिव मनीष डोंगरे, आदिवासी समाज अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।ईदगाह पर दुआ के पश्चात सकल समाज के प्रतिनिधि विभिन्न स्थानों पर पहुंचे और मुस्लिम भाइयों के निवास पर जाकर उन्हें ईद की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूरे नगर में अपनत्व, सौहार्द और सामाजिक समरसता का वातावरण बना रहा। ईद के इस पावन अवसर पर सकल समाज की सक्रिय, संगठित एवं अग्रणी भूमिका ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि आष्टा नगर में सामाजिक एकता, भाईचारा और परस्पर सम्मान की परंपरा आज भी पूरी मजबूती के साथ जीवित है।

# शीतला माता मंदिर पहाड़ी कजलास की बैठक में कार्यक्रमों को लेकर की चर्चा, अध्यक्ष बने ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शीतला माता मंदिर पहाड़ी कजलास पर समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सप्त गांव के समिति के सदस्य उपस्थित हुए। जिसमें नव निर्वाचित अध्यक्ष सरपंच धर्मेंद्र सिंह (राजा ठाकुर) कुण्डिया नाथू को मनोनीत किया गया। जिसमें सभी नगर व क्षेत्र वासियों ने बधाई दी। सप्त गांव समिति जिसमें विषेश सहयोगी गांव कजलास, बमुलिया रायमल, कुण्डिया नाथू, ढाबला खालसा, छायन खुर्द, जीवापुर महोडिया, बिसुखेडी, जामगोद सभी गांव मिलकर कार्यक्रम आयोजित करते हैं।



### गुराडिया वर्मा में खंभ की स्थापना

नजदीकी गांव गुराडिया वर्मा में चैत्र शुक्ल पक्ष नवरात्र श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर शनिवार को खंभ स्थापना की गई। आगामी पंचमी से एक कुंडलीय पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। राम जन्मोत्सव रामनवमी के दिन जत्रा व गंगौज का आयोजन किया जाएगा व पूर्णाहुति भी होगी। इसमें समस्त आसपास के ग्रामीण बंधु हर्ष उल्लास के साथ सम्मिलित होंगे। श्रीराम जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर यज्ञ आचार्य जमना प्रसाद शर्मा व समस्त धार्मिक बंधु उपस्थित रहें। इस समय नगर सहित पूरे क्षेत्र में चैत्र नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। देवी मंदिरों में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इस तरह पूरा क्षेत्र मां की शक्ति की भक्ति में डूबा हुआ है।

# प्राचीन मरीह माता मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के विश्रामघाट मां चौसट योगिनी मरीह माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व अवसर पर नियमित रूप से सुबह देवी के नौ रूप की आराधना की जा रही है, वहीं देर रात्रि को विशेष प्रकार की साधना की जाती है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर के व्यवस्थापक रोहित मेवाड़ा ने बताया कि रविवार को सुबह मां चौसट योगिनी की पूजा अर्चना की गई और उसके पश्चात यज्ञ के द्वारा आहुतियां दी गई। वहीं सोमवार को मंदिर परिसर में पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया जाएगा। सुबह साढ़े आठ बजे बड़ी संख्या में गोविन्द मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, पंडित उमेश दुबे, ज्योतिषाचार्य पंडित गणेश शमा के द्वारा इसके पश्चात आरती की जाएगी। जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि मंदिर परिसर में हर नवरात्रि पर प्रतिदिन देवी की पूजा के साथ भगवान शिव की आराधना की जाती है। शिव और शक्ति के मिलन से ही इस संसार में कल्याण होता है। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के चतुर्थ दिन शक्ति कुष्मांडा की पूजा अर्चना की जाती है अपनी हल्की हंसी से ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इनका नाम कूष्मांडा पड़ा। देवी कुष्मांडा कुंडली में नीच के बुध को नियंत्रित करती हैं तथा अनाहत चक्र को नियंत्रित करती है। मां कुष्मांडा को कुम्हड़ा विशेष रूप से प्रिय होने के कारण भी इनका नाम कूष्मांडा पड़ा. देवी कुष्मांडा की पूजा अर्चना करके नौकरी व्यापार तथा नाक कान गले से संबंधित बीमारियां दूर होती है। देवी कुष्मांडा की विशेष पूजा से वाणी प्रभावित होती है और आपकी वाणी द्वारा कार्य सिद्ध होता है। नौ देवियों के साथ हर रोज दस महाविद्याओं का भी आह्वान किया जाता है। उन्होंने बताया कि काली, तारा, त्रिपुरसुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुरभैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला शामिल है। प्रवृति के अनुसार दस महाविद्या के तीन समूह हैं। पहला सौम्य कोटि (त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, मातंगी, कमला), दूसरा उग्र कोटि (काली, छिन्नमस्ता, धूमावती, बगलामुखी, तीसरा सौम्य-उग्र कोटि (तारा और त्रिपुर भैरवी)। मंदिर में पूजा अर्चना आदि का क्रम जारी है। हर साल बड़ी संख्या में यहां पर श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते है। यहां पर चारों नवरात्रि पर माता की पूजा अर्चना की जाती है।

### दुष्कर्म मामले पर बवाल: एफआईआर नहीं होने से आहत बेटे ने की आत्महत्या

**पुलिस अनुसार नाराज परिजनों को समझाकर करवाया शांत**

# उग्र भीड़ ने आरोपी के घर में लगाई आग सड़क पर शव रखकर चक्काजाम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/बागली



जिले के उदयनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ कथित दुष्कर्म की घटना सामने आई। पीड़िता के परिजन शुक्रवार रात शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचे, लेकिन वहां महिला अधिकारी के अभाव का हवाला देते हुए पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज नहीं की। परिजनों को अगले दिन आने के लिए कहा गया, जिससे परिवार में नाराजगी और तनाव बढ़ गया।थाने से लौटने के बाद पीड़िता का 19 वर्षीय बेटा इस घटना और पुलिस की प्रतिक्रिया से गहरे सदमे में चला गया। आरोप है कि उसने गांव पहुंचकर कीटनाशक पी लिया। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए बागली के अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।शनिवार को पोस्टमॉर्टम के बाद युवक का शव गांव लाया गया। इसके बाद गुस्साए परिजन और ग्रामीणों ने पुंजापुरा-उदयनगर मार्ग पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान कई घंटों तक सड़क पर आवागमन पूरी तरह बाधित रहा और प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई।चक्काजाम के दौरान भीड़ का गुस्सा बढ़ता गया और स्थिति हिंसक हो गई।

आरोप है कि ग्रामीणों ने आरोपी के घर पर हमला कर उसकी झोपड़ी में आग लगा दी और मकान में तोड़फोड़ की। इसके अलावा पुलिस वाहन पर भी पथराव किया गया, जिससे मौके पर तनाव और बढ़ गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाइश देकर शांत कराया और कई घंटों बाद चक्काजाम समाप्त कराया गया।

### 30 मार्च से निशुल्क फुटबॉल का समर कैंप शुरू होगा

# मुकाबले में सीहोर रेड ने सीहोर मिनी को 1-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हर साल की तरह इस साल भी विद्यार्थियों के ग्रीष्म कालीन अवकाश को देखते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में निशुल्क समर कैंप की तैयारियां आरंभ कर दी है। इसके लिए एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने शीघ्र ही एक समिति का गठन करने की बात कही है। आगामी 30 मार्च को फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का होगा शुभारंभ लगभग 100 खिलाड़ियों को प्रवेश दिया जाएगा यह प्रशिक्षण शिविर निशुल्क बालक-बालिकाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी।

इसके अलावा शहर के चर्च मैदान पर संस्कार मंच और जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में होने वाली जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए सात दिवसीय फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। रविवार की शाम को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच सीहोर रेड ने सीहोर मिनी को 1-0 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर क्लब और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया था, जिसमें सीहोर चिल्ड्रन की टीम 2-0 से जीती। इस मौके पर संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी और एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया अन्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शहर के चर्च मैदान पर शुक्रवार को पहला मैच सीहोर रेड और सीहोर मिनी के मध्य खेला गया था, इस मैच में सीहोर रेड ने 1-0 से विजय हासिल की। सीहोर रेड की ओर से एक मात्र गोल वंश माहेश्वरी ने किया। इसके अलावा दूसरा मैच सीहोर क्लब और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया। इस मैच में सीहोर क्लब के पुष्प और अर्थव ने एक-एक गोल कर अपनी टीम को 2-0 से जीत दिलाई।

### गांव में श्मशान भूमि नहीं होने से परेशानी

# प्रशासन ने जमीन चिन्हित कर वृद्धा का अंतिम संस्कार कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले के नागदा क्षेत्र के सातखोरी गांव में शनिवार को एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला के अंतिम संस्कार को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। घुमंतू समाज की गीता, पत्नी बालूमाथ, के निधन के बाद उनके अंतिम संस्कार के लिए श्मशान भूमि उपलब्ध नहीं थी।ग्रामीणों के अनुसार, पहले नागदा क्षेत्र में अंतिम संस्कार किए जाते थे, लेकिन इस बार निजी श्मशान भूमि होने के कारण अनुमति नहीं मिली। इससे परेशान होकर ग्रामीण प्रशासन से मदद मांगने पहुंचे। इनकी समाज में मृत्यु के बाद शव दफनाए जाने की परम्परा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अभिषेक शर्मा, तहसीलदार, सीएसपी और औद्योगिक थाना प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने घुमंतू समाज के सदस्यों के साथ मिलकर मृतका के अंतिम संस्कार के लिए उनके घरों के पास एक उपयुक्त भूमि चिन्हित की और उपलब्ध कराई। इसके बाद बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जानकारी अनुसार, मृतका का एक पुत्र गट्टू नाथ टीबी की बीमारी से पीड़ित है। उनकी मां भीख मांगकर उसका पालन-पोषण करती थीं। एसडीएम ने आश्वासन दिया है कि गट्टू नाथ का उपचार जिला चिकित्सालय में सुनिश्चित किया जाएगा।